वर्ष 1 - अंक 10

बुधवार 27 नवम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4

RNI - NO. MPHIN/2015/64585


# रणजीत टाइम्स




संविधान दिवस के अवसर पर लन्दन स्थित अम्बेडकर हाउस पहुंचकर श्रद्धेय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सामाजिक न्याय के योद्धा, संविधान निर्माता की अमूल्य शिक्षाएं सर्वदा हमें समानता एवं भाईचारे के पथ पर चलने तथा मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देती रहेंगी।

### भारतीय संविधान दिवस

## कार्यक्रम संपन्न



भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था। आज 75 साल पूरे होने के अवसर पर जनपद पंचायत इंदौर की ग्राम पंचायत देव गुराड़िया में'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान के अंतर्गत संविधान दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया इस अवसर पर सरपंच भूरी महेश वसुनिया ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की एवं सरपंच भूरी वसुनिया ने बताया कि हमें वास्तविक आजादी संविधान से ही मिली है यह संविधान विश्व में नंबर वन पर है उनके साथ प्रमुख रूप से अशोक मालवीय. समन्वय अधिकारी जनपद पंचायत इंदौर. देवकी विश्वकर्मा. जीवन विश्वकर्मा. स्नेहा लता शर्मा सहित समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# इंदौर नारकोटिक्स विंग ने एमडी ड्रग्स के साथ तीन तस्करों को दबोचा

**मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। यहां नशे के खेप की पूर्ति आसपास के राज्यों से हो रही है। इसी कड़ी में एक बार फिर नारकोटिक्स विंग की टीम ने एक्शन लेते हुए अलग-अलग दो मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

इंदौर। इनमें से एक राजस्थान का है। इनके पास से पकड़ाए माल की अनुमानित कीमत 40 लाख रुपए के आसपास की बताई जा रही है। नारकोटिक्स विंग टीम के डीएसपी संतोष हाडा ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

जिसमें दो कार्रवाई हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें पहली कार्रवाई फराज, पिता नवाब खान निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान निवासी व्यक्ति के पास से 154 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 1 पिस्तौल जब्त की गई है। तो वहीं दूसरी कार्रवाई मोहसिन खान, आसिफ, चांद निवासी भोपाल के रहने वालों को पकड़ा गया है। जिनके पास से 53 ग्राम एमडी ड्रग बरामद किया गया है। दोनों ही कार्रवाई में 40 लाख के लगभग मादक पदार्थ



बरामद हुआ है, जिन पर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है। दोनों कार्रवाई में नारकोटिक्स विंग के निरीक्षक प्रवीण ठाकरे ,उप निरीक्षक सीमा मिमरोट समेत अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

## 25 हजार रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

मध्यप्रदेश में रिश्वतखोर अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ लोकायुक्त की कार्रवाई लगातार जारी है। इसके बाद भी रिश्वत के मामले कम नहीं हो रहे हैं।



**ग्वालियर**। आये दिन किसी न किसी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार हो रहे हैं। ताजा मामला ग्वालियर जिले के डबरा का है जहां रिश्वतखोर पटवारी उमाशंकर आदिवासी को 25 हजार रुपए लेते लोकायुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। फरियादी चंद्रभान सिंह गुर्जर से 18 बीघा जमीन नामांतरण के एवज में 90 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। 25 हजार में सौदा तय हुआ था। फरियादी द्वारा तहसील कार्यालय के पीछे गुरुद्वारा के पास पटवारी को दिए गए 25000 रु देते ही लोकायुक्त की टीम ने आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त निरीक्षक कविंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। फरियादी चंद्रभान सिंह गुर्जर निवासी टिकरी तहसील बामौर जिला मुरैना ने भितरवार के खडीचा मोजे में 18 बीघा जमीन खरीदी है। पटवारी उमाशंकर आदिवासी लुहारी, गोधारी हल्के में पदस्थ है। गिरफ्तार पटवारी से लोकायुक्त की टीम पूछताछ में जुटी है। समाचार के लिखे जाने तक लोकायुक्त की कार्रवाई जारी थी।

## जबलपुर में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भीषण ब्लास्ट,धमाके के बाद मची अफरा-तफरी

**जबलपुर**

**जबलपुर में रक्षा मंत्रालय की एक और फैक्ट्री में ज़ोरदार ब्लास्ट हो गया। फैक्ट्री में ब्लास्ट के चलते एक कर्मचारी बुरी तरह से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को एंबुलेंस के जरिए जबलपुर हॉस्पिटल में लाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है । बताया जा रहा है कि आज ग्रे आयरन फाउंड्री फैक्ट्री में ड्रम काटते वक्त जोरदार धमाके के साथ एक ब्लास्ट हुआ।**



जिसमें वेल्डरमैन अशोक मीणा बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे तत्काल व्हीकल फैक्ट्री के अस्पताल में ले जाया गया। घायल कर्मचारी की स्थिति नाजुक होने पर उसे जबलपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि घायल कर्मचारी जिस वक्त ड्रम काट रहा था, उसी दौरान उसमें जोरदार ब्लास्ट हुआ। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। वहीं कर्मचारी संघ ने घटना की जांच की मांग की है। इससे पहले भी जबलपुर की आयुध निर्माणी फैक्ट्री में ब्लास्ट के मामले सामने आते रहे हैं, 22 अक्टूबर को ही खमरिया फैक्ट्री में एक जर्मनी बम रिफिलिंग करते समय ब्लास्ट हो गया था। जिसमें से दो कर्मचारियों की मौत हो गई थी , वहीं 10 कर्मचारी हादसे में घायल हुए थे। बार-बार हो रहे हादसों पर कर्मचारी संघ आरोप लगाता है कि उन पर काम का दबाव ज्यादा है। इसी के साथ उनको पुरानी तकनीक से काम करना पड़ता है। यही वजह है की पुरानी तकनीक में ज्यादा काम के दबाव के चलते कर्मचारी आए दिन हादसे के शिकार होते रहते हैं।

## भीषण सड़क हादसे में तीन मौत

**बीमार डिप्टी रेंजर को देखने जा रहे तीन युवकों की बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**



श्योपुर। रविवार सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद बरगवाम थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।दरअसल घटना श्यामपुर गौरस हाईवे पर सिरोनी गांव के पास की है। मानपुर थाना इलाके के डाबली का सहराना गांव निवासी 26 वर्षीय दीपक आदिवासी के पिता धनराज सिरोनी वन रेंज में डिप्टी रेंजर है की तबीयत रविवार को अचानक खराब हो गई थी, जिन्हें देखने के लिए दीपक अपने दोस्तों बबलू आदिवासी उम्र 27 और गौतम आदिवासी उम्र 26 के साथ बाइक पर गांव से सिरोनी जा रहे थे, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से भाग गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। सोमवार को सुबह 9 बजे तीनों युवकों के शव का पोस्टमार्टम किया गया। थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि आरोपी अज्ञात वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

## इन्दौर पुलिस द्वारा भी किया गया

# “हम होंगे कामयाब पखवाड़ा”

## के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ









पुलिस टीम ने महिलाओं व स्कूली बच्चों के बीच जाकर, किया उन्हें जेंडर आधारित भेदभाव व हिंसा की रोकथाम के प्रति जागरूक

इंदौर- दिनांक 26 नवंबर 2024- महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और लैंगिक असमानता को खत्म करने के उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश शासन द्वारा “हम होंगे कामयाब पखवाड़ा” की शुरुआत की गई है, जो 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में चलाए जा रहे इस अभियान में प्रषासन के सभी विभागों के द्वारा जिलें में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर, महिलाओं को उनके अधिकारों के हित में जागरुक किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटा और बेटी के बीच के भेदभाव को समाप्त करना तथा समाज और परिवार में महिलाओं के विरूद्ध हो रहे मानसिक व शारीरिक शोषण को रोकना है।

इस अभियान के तहत इन्दौर पुलिस द्वारा भी पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह व अति. पुलिस आयुक्त (अप./मुख्या.) इंदौर श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में शुरूआत करते हुए, जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। जिसके अंतर्गत पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्री अंकित सोनी व अति. पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय)श्रीमती सीमा अलावा के मार्गदर्षन में कल दिनांक 25.11.24 इंदौर पुलिस की टीम (महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा यादव, उनि. षिवम ठक्कर, सउनि गयेन्द्र यादव व टीम) अभिनव कला केंद्र गांधी हॉल के पास इंदौर में पहुंची और वहां पर उदय संस्था-मध्य प्रदेष डोमेस्टिक वर्कर मूवमेंट के सहयोग से आयोजित महिला सुरक्षा संवाद कार्यषाला में करीब 250 महिलाओं को जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु विभिन्न मुद्दो पर जानकारी देकर, उन्हें इसके प्रति जागरूक किया गया।

इसी कडी में आज दिनांक को इंदौर पुलिस की टीम ने शासकी हा.से. स्कूल सिरपुर इंदौर व केषव विघापीठ छोटा बांगड़दा इंदौर में पहुंचकर करीब 500 से ज्यादा छात्र-व छात्राओं तथा वहं के टीचिंग स्टाफ को महिला अपराधों व उनकी सुरक्षा व सम्मान हेतु चलाए जा रहे हम होगें कामयाब अभियान से अवगत करवाया । सभी स्टूडेंटस को जेंडर आधारित भेदभाव को मिटाने, महिला व पुरूषों में समानता का भाव लाने के लिये जागरूकत करते हुए, सभी को बालिकाओं व महिलाओं के साथ किसी तरह का मानसिक व शारीरिक शोषण या हिंसा न हो इसके लिये परिवार और समाज में समानता का माहौल बनाकर बेटे-बेटी के बीच भेदभाव समाप्त करने के लिए हम सभी मिलकर योगदान देगें आदि बातों के लिये प्रेरित किया गया।

साथ ही बच्चों को वर्तमान समय के सायबर अपराधों के प्रकारों व उनसे बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी और उन्हें नषा मुक्ति अभियान के तहत नषे के दुष्पपरिणामों से भी अवगत करवाया गया।

# मीणा समाज द्वारा राजस्थान के ग्राम समरावता के पीड़ितों के विरुद्ध प्रकरण वापस लेने व निष्पक्ष जांच हेतु राष्ट्रपति के नाम मानपुर थाने पर ज्ञापन सौंपा




**महू-इंदौर- मध्यप्रदेश मीणा समाज कार्यकारी अध्यक्ष व इंदौर प्रभारी जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया राजस्थान के ग्राम समरावता के पीड़ितों को तत्काल मुआवजा प्रदान करने एवं ग्राम वासियों के विरुद्ध प्रकरण वापस करने व घटना की निष्पक्ष जांच कराने बाबत राष्ट्रपति के नाम मानपुर थाना पर ज्ञापन सोपा**

समरावता के समस्त पीड़ितों जिनके मकान, वाहन, संपत्ति को नुकसान पहुंचा राज्य सरकार उसकी तत्काल भरपाई कराए। समरावता के ग्राम वासियों द्वारा सामूहिक वोटिंग का बहिष्कार किया जा रहा था वोटिंग कराने के दबाव में अधिकारियों से हुई झड़प में उक्त कार्रवाई की गई जिसकी निष्पक्ष जांच की जावे। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से जुगनू जादवसिंह धनावत, युवा मीणा समाज उपाध्यक्ष पवन मीणा, डॉ अजय धनावत, मुकुल मीणा, नरेंद्र मीणा, अशोक मीणा, मोहित मीणा,रोहित मीणा, योगेश मीणा, पवन मीणा, विकास मीणा, नवीन मीणा, रौनक मीणा, हर्ष मीणा, जितेंद्र मीणा, प्रवीण मीणा, कमल मीणा, आनंद मीणा, धर्मेंद्र मीणा, रवि मीणा, पंकज मीणा, अरविंद मीणा, हरिराम मीणा इत्यादि सैकड़ोंजन उपस्थित रहे इस घटना को लेकर पूरे देश में मीणा समाज में आक्रोश है। ज्ञापन का वाचन जुगनू जादवसिंह धनावत ने किया।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज



# यूरेशिया देश के प्रतिनिधियों ने देखें इंदौर के रियल हीरो

## रेडिसन होटल चौराहा पर रियल हीरो के साथ खिंचवाए फोटो

इंदौर । भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के द्वारा इंदौर में आयोजित पांच दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए आए यूरेशिया देश के प्रतिनिधियों ने कल रात को इंदौर के रियल हीरो देखें। रेडिसन होटल चौराहा पर पहुंचकर इन प्रतिनिधियों ने रियल हीरो के साथ फोटो खिंचवाए और यह समझा कि यह लोग रियल हीरो क्यों है ?

यूरेशिया देश के प्रतिनिधि कल से ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में शुरू हुई बैठक में दिनभर व्यस्त रहे। इसके बाद शाम को यह प्रतिनिधि डैली कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद यह प्रतिनिधि इंदौर नगर निगम के द्वारा रेडिसन होटल चौराहे पर विकसित किए गए आईलैंड पर पहुंचे। यहां पर नगर निगम के द्वारा रियल हीरो लिखकर कुछ म्युरल्स बनाए गए हैं।

इसमें सफाई दीदी और सफाई मित्र अपने सफाई के काम को करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही सफाई कर्मियों के द्वारा कचरे का सेग्रीगेशन किया जा रहा है। एक अन्य म्युरल में सफाई कर्मी के द्वारा स्वीपिंग का काम किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि इस स्थान पर पहुंचकर यूरेशिया देश के प्रतिनिधियों ने अपने फोटो खिंचवाएं । उन्होंने रियल हीरो के रूप में विकसित किए गए इस चौराहे को विकसित करने की कहानी को समझा। उन्होंने यह जानना चाहा कि आखिर यह लोग रियल हीरो क्यों है ? उन्हें जब यह बताया गया कि इन्हीं लोगों की काम के प्रति लगन और शहर के नागरिकों के सहयोग ने इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाया है। यह जानकर यूरेशिया देश के प्रतिनिधि खुश हुए और उन्हें आश्चर्य भी हुआ। बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के द्वारा इस स्थान पर अपने फोटो खिंचवाकर मेमोरी के रूप में रखे गए। कुछ प्रतिनिधियों के द्वारा इस स्थान के वीडियों भी बनाए गए।

# ‘एक है तो सेफ है’ के नारे से गूंजा संसद



लोकसभा में ऐसे हुआ PM मोदी का जोरदार स्वागत शीतकालीन सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकसभा में हाथ जोड़कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सत्ता पक्ष के सांसदों ने पीएम मोदी का स्वागत "मोदी, मोदी" और "एक है तो सुरक्षित है" के नारों से किया। महाराष्ट्र में अपने प्रचार अभियान के दौरान पीएम मोदी द्वारा पेश किए गए इस नारे ने भाजपा की हालिया चुनावी सफलता में अहम भूमिका निभाई है।

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन जब प्रधानमंत्री मोदी संसद के निचले सदन में हाथ जोड़कर पहुंचे और अपनी सीट पर बैठे, तो सत्ता पक्ष के सांसदों ने उनका स्वागत "मोदी, मोदी" और "एक है तो सेफ है" के नारों के साथ किया। नारे के बीच तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा संसद गूंज उठा।